आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 14.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिशन मौसम का शुभारंभ किया। कहा– यह मिशन देश को मौसम की हर स्थिति से निपटने में सक्षम और क्लाइमेट–स्मार्ट बनाने की भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।
- मकर संक्रांति के पावन पर्व पर महाकुंभ में ढाई करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान किया।
- प्रदेश में मकर संक्रांति का पर्व परम्परागत ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
- आगामी 21 फरवरी से शुरू हो रही उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम के लिए शिक्षा विभाग तैयारियों में जुटा।

पीएम मिशन मौसम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को मौसम की हर स्थिति से निपटने में सक्षम और क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए मिशन मौसम का आज शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन मौसम एक स्थायी और भविष्य के लिए तैयार राष्ट्र के निर्माण की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने विभाग की डेढ सौ वर्ष की यात्रा की प्रशंसा करते हुए इसे देश में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक गौरवशाली अध्याय बताया।

प्रधानमंत्री ने मौसम विभाग के डेढ सौ वर्ष पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने भारतीय मौसम विभाग विज़न–2047 दस्तावेज़ भी जारी किया।

महाकुंभ

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आज महाकुंभ में ढाई करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई है। महाकुंभ में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आकाशवाणी से बातचीत में प्रशासन की व्यवस्था को बेहतर बताया।

मकर संक्रांति/घुघुतिया

प्रदेश में आज मकर संक्रांति का पर्व परम्परागत ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर पूर्जा–अर्चना की। मकर सक्रांति के अवसर पर हरिद्वार के गंगा घाटों से लेकर बागेश्वर और उत्तरकाशी के पवित्र स्थलों तक, आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। तड़के से ही हरिद्वार में गंगा के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। हजारों भक्तों ने गंगा स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और मंदिरों में पूजा–अर्चना की। इस बीच, कुमाऊं क्षेत्र के बागेश्वर में ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले ने श्रद्धा, संस्कृति और इतिहास का अद्‌भुत संगम पेश किया। उत्तरकाशी के मणिकर्णिका घाट पर भी आस्था की छटा देखते ही बन रही है। कड़ाके की ठंड के बावजूद आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई देव डोलियां गंगा स्नान के लिए पहुंचीं। कुमाऊं मंडल में मकर संक्रांति के अवसर पर पारंपरिक घुघुतिया पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। उत्तराखंड में मकर संक्रांति का यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों का नहीं, बल्कि लोक संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है।
वहीं, हरिद्वार के तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित का कहना है कि मकर संक्रांति पर्व पर स्नान और दान करने से जहां सैकड़ो अश्वमेध यज्ञों का पुण्य मिलता है, वहीं पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

आदिबदरी कपाट

चमोली जिले में स्थित श्री आदि बदरी मंदिर के कपाट आज मकर संक्रांति के पर्व पर विधि–विधान से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मंदिर के मुख्य पुजारी चक्रधर थपलियाल ने कपाट खुलने के मौके पर अभिषेक पूजा संपन्न करवाई। जिसके बाद भगवान नारायण का श्रृंगार, भोग और पंच ज्वाला आरती के बाद मंदिर में दर्शनों की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। वहीं मंदिर परिसर में सात दिवसीय महाभिषेक समारोह भी शुरू हो गया है। गौरतलब है कि आदिबदरी मंदिर के कपाट वर्षभर में पौष माह के लिए बंद रहते हैं।

वेटरन्स डे राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस– वेटरन्स डे के अवसर पर आज देहरादून स्थित शौर्य स्थल में वीर शहीदों के सम्मान में पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान राज्यपाल ने वेटरन्स डे पर पहली बार आयोजित भूतपूर्व सैनिकों की परेड की सलामी भी ली। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को याद करने का अवसर है।
वहीं, राज्यपाल ने उत्तराखण्ड सब एरिया द्वारा वेटरन्स डे के अवसर पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में 17 वीर नारियों और 10 पूर्व सैनिकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री निर्देश

पौड़ी बस हादसे में घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्‌देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबंधित अधिकारियों के साथ आज देहरादून में उच्च स्तरीय बैठक की। इस मामले में मुख्यमंत्री ने

लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, पौड़ी के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि अस्पताल में हुई लापरवाही की जांच के लिए समिति का गठन किया जा रहा है।

शिक्षा विभाग

प्रदेश में शिक्षा विभाग ने आगामी 21 फरवरी से शुरू हो रही उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा के बेहतर परिणाम के लिए तैयारी तेज कर दी हैं। शिक्षा महानिदेशक झरना कमठान ने बताया कि विभाग की ओर से छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के साथ ही अन्य विभिन्न स्तरों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सांख्यिकी उपकरण और मात्रात्मक तकनीक, नीतिगत निर्णयों के लिए अनुभव प्रदान करके प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रपति ने आज राष्ट्रपति भवन में भारतीय सांख्यिकी सेवा—आईएसएस के परिवीक्षार्थियों के एक समूह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मौसम

प्रदेश में कल से एक बार फिर मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल राज्य के तीन हजार मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी, जबकि सभी जिलों में कहीं—कहीं हल्की बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार 16 जनवरी को प्रदेश में 2500 मीटर और इससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना है।

ड्रग्स फ्री देवभूमि

"ड्रग्स फ्री देवभूमि" अभियान के तहत पौड़ी पुलिस ने शंकरपुर चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान करीब 79 किलो अवैध गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।